**प्रेस नोट**

**जनपद अम्बेडकरनगर**

**दिनांक-13.05.2025**

**जनपद अम्बेडकरनगर थाना को0 टाण्डा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-139/25 धारा-3(5), 103(1), 61(2)a, 140(1), 238 बीएनएस से सम्बन्धित वाँछित 06 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री केशव कुमार के निर्देशानुसार जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में **थाना कोतवाली टाण्डा पुलिस टीम** द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-139/25 **धारा-3(5), 103(1), 61(2)a, 140(1), 238 बीएनएस से** सम्बन्धित अभियुक्तगण 01. अनुराग यादव उर्फ राज यादव पुत्र राम सजीवन यादव नि0 पकड़ी भोजपुर थाना को0 टाण्डा अम्बेडकरनगर उम्र करीब 22 वर्ष 02. अंश यादव उर्फ डब्बू यादव पुत्र दयाराम नि0 खानपुर शाहपुर सुलेमपुर खपुरा थाना को0 अकबरपुर अम्बेडकरनगर उम्र करीब 23 वर्ष 03. आनन्द यादव उर्फ बड़काऊ उर्फ नन्दन पुत्र अरुण कुमार नि0 कांदीपुर (तुलसीपुर) थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 24 वर्ष 04. अभिषेक यादव पुत्र ओमप्रकाश नि0 मखदूम सराय थाना अलीगंज जनपद अ0नगर उम्र करीब 26 वर्ष 05. शाबान पुत्र मो0 मुस्तकीम नि0 भटौली थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 25 वर्ष को धौरहरा पुल के नीचे थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर व 6. रामसजीवन पुत्र नन्हे यादव नि0ग्राम पकड़ीभोजपुर थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अ0नगर उम्र करीब 47 वर्ष को ग्राम पकड़ीभोजपुर से दिनांक 13.05.2025 को गिरफ्तार किया गया। जिसमे आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**विवरणः-** दिनांक 10.06.2025 को वादिनी निशा यादव पत्नी संजय यादव उर्फ तेगा निवासी ग्राम पकड़ी भोजपुर थाना कोतवाली टांडा जनपद अंबेडकरनगर द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी की वादिनी के पति संजय यादव उर्फ तेगा को विपक्षीगणों द्वारा वाद विवाद की बात को लेकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इसके संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या-139/25 धारा 3(5), 103(1), 61(2)a बीएनएस बनाम 1.अनुराग यादव उर्फ राज यादव पुत्र सजीवन निवासी पकड़ी भोजपुर थाना टांडा सहित कुल 06 नामजद व अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कर थाना स्थानीय पर पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश हेतु सार्थक प्रयास किया जा रहे थे।

**विवरण पूछताछ-**अनुराग से पूछने पर बताया कि साहब केवल गुस्से मे आकर यह सब हो गया संजय यादव उर्फ तेगा अगर मेरे पिता जी को गांव मे सबके सामने थप्पड़ नही मारा होता और मेरे पिता जी के मान सम्मान और प्रतिष्ठा की बात नही होती तो यह सब नही हुआ होता। दिनांक 06/05/2025 को मेरे गाँव में त्रिभुवन यादव की लड़की की शादी थी जिसमे मै अपने दोस्त अंश यादव उर्फ डब्बू यादव के साथ मौजूद था और मेरे पापा रामसजीवन यादव भी मौजूद थे शादी मे मंच पर डांस करने को लेकर के मेरा और अंश का संजय यादव उर्फ तेगा व आशाराम यादव ,जोखू यादव से झगड़ा होने लगा और ये लोग मुझे और अंश को मारने पीटने लगे तब तक मेरे पापा भी आ गये। और बीच बचाव करने लगे तो संजय यादव उर्फ तेगा ने मेरे पापा को भी कई थप्पड़ मार दिया तब तक गांव के लोगो ने बीच बचाव कर दिया मुझे काफी चोट लगी थी इसके बाद मेरे पापा मुकदमा लिखाने के लिए कहने लगे तो संजय यादव उर्फ तेगा कहने लगा कि चलो हम लोग राज यादव और अंश यादव के खिलाफ लूट का मुकदमा लिखवाते है कि ये लोग अपराधी है और शादी मे लूट पाट करने के लिए आये थे . तब मैने अपने पिता जी से कहा कि जाने दीजिये मुझे मुकदमा

नही लिखवाना और गांव वालो के कहने पर हमने सुलह कर लिया है इसके बाद घर पर मेरे पिता और मेरे चाचा राकेश यादव मुझसे कहने लगे कि तुम साले अपने तो गांव मे लात खाये और बाप को भी लात खिलाये तुम्हारी तो कोई इज्जत है नही हम लोगो को भी तुम कही मुंह दिखाने लायक नही रहने दोगे। गांव मे लात भी खाये बाप को भी लात खिलाये और मुकदमा भी नही लिखवाने दिये सुलह भी कर लिये अब हम लोगो की गांव मे क्या इज्जत रह गयी और मेरे पिता जी रोने लगे तब मैने कहा कि मैने सुलह भले ही कर लिया है लेकिन मै संजय यादव जोखू यादव ,आशाराम यादव को छोड़ूंगा नही मै इसका बदला जरूर लूंगा तब मेरे चाचा कहने लगे कि तुम कुछ नही करोगे और फिर लात खाकर चले आओगे और मेरे पिता जी कहने लगे कि अगर तुमने संजय , जोखू आशाराम से बदला नही लिया और इनको नही मारा तो मै जहर खाकर मर जाऊंगा। मै इस अपमान को लेकर मुंह नही जी सकता और मेरे चाचा और मेरे पिता कहने लगे अगर तुमको कुछ करना है तो इन लोगो के साथ ऐसा बदला लो कि दोबारा कोई हम लोग की तरफ आंख उठाकर न देखे। तब मैने कहा कि आप लोग विश्वास रखिये आप लोग जैसा कह रहे है वैसा ही होगा। बस आप लोग केवल मुझे दो चार दिन का समय दे दीजिये। इसके बाद मैने व अंश यादव उर्फ डब्बू पुत्र दयाराम यादव नि0 खपुरा थाना अकबरपुर अ0नगर अपने गुट के अन्य साथियो आनन्द यादव उर्फ नन्दन उर्फ बड़काऊ पुत्र अरुण कुमार नि0 कांदीपुर (तुलसीपुर) थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर , मो0 शाबान पुत्र मो0 मुस्तकीम निवासी भटौली थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर , अभिषेक यादव पुत्र ओमप्रकाश नि0 मखदूम सराय थाना अलीगंज जनपद अ0नगर ,अविनाश वर्मा पुत्र सियाराम वर्मा नि0 ग्राम चकसंसारी थाना को0 टाण्डा अम्बेडडकरनगर , आयुष यादव पुत्र ओम कार यादव नि0 अमरौला थाना सम्मनपुर अम्बेडकरनगर अजीत यादव पुत्र रघुनाथ यादव नि0 मछलीगांव थाना सम्मनपुर अम्बेडकरनगर ने मिलकर आयुष यादव के गांव अमरौला मे बाग मे बैठ कर संजय यादव उर्फ तेगा , जोखू यादव , आशाराम यादव को मारने का योजना बनाये दिनांक 09.05.2025 को कृष्णा मैरिज हाल मे संजय यादव की चचेरी बहन की शादी थी जिसमे तय था कि संजय यादव उर्फ तेगा , जोखू यादव , आशाराम यादव तीनो रहेगे और वही पर हम लोग बाहर घात लगाकर बैठे रहेगे और जैसे ही मौका मिलेगा इन लोगो को उठाकर कही दूर ले जाकर मारेगे। और योजना बनाने के बाद हम लोगो ने आयुष यादव के घर से लोहे की पाइप लेकर मो0 शाबान की ब्रेजा कार व अजीत यादव की सेन्ट्रो कार मे रख लिए। इसके बाद मैने घर पर जाकर अपने पिता और चाचा से बताया कि संजय यादव जोखू यादव और आशाराम यादव को निपटाने की योजना बना लिया गया है। आज रात मे इनको हम लोग निपटा देगे। तब मेरे पिता और चाचा ने कहा कि जो भी करना सावधानी से करना ताकि किसी को पता न चल पाये। इस बाद अपनी बनाई गयी योजना के तहत रात मे करीब 09.00 बजे के आस पास मै , अंश यादव , शाबान , अभिषेक यादव , अविनाश वर्मा , आयुष यादव , अजीत यादव , बड़काऊ उर्फ आनन्द सभी लोग शाबान और अजीत की कार से असौआ पार मोहरई मे स्थित कृष्णा मैरिज हाल के बाहर रोड पर गाड़ी थोड़ी दूर खड़ा करके संजय यादव , जोखू ,आशाराम का इतंजार करने लगे कि रात के करीब 09.45 बजे के आस पास जोखू यादव स्कार्पियो कार से निकला जिसका हम लोगो ने पीछा करके स्कार्पियो को ओबरटेक करके रुकवाना चाहा तो नही रुका और अपनी स्पीड बढाकर भाग निकला कुछ दूर पीछा करने के बाद जब जोखू यादव हाथ नही लगा तो हम लोग पुनः मैरिज हाल के सामने पहुचकर संजय यादव व आशाराम का इंतजार करने लगे कि रात करीब 12.45 बजे के आस पास संजय यादव उर्फ तेगा मैरिज हाल से पैदल निकलकर पेशाब कर रहा था तब तक हम लोगो ने एकाएक संजय यादव उर्फ तेगा को पकड़ कर उसका मुंह दबाकर जबरदस्ती अपनी ब्रेजा कार मे बैठा लिए ब्रेजा कार मे मै , शाबान , आनन्द उर्फ बडकाऊ और अंश यादव उर्फ डब्बू बैठे थे गाड़ी मो0 शाबान चला रहा था। तथा सेन्ट्रो कार मे अजीत , आयुष ,अविनाश , अभिषेक वर्मा बैठे थे। सेन्ट्रो कार अजीत चला रहा था। हम लोगो ने योजना बनाया था कि संजय यादव उर्फ तेगा को मारकर इसका कपड़ा कही और फेक देगे और इसके बाद लाश दूर कही और फेंक देगे और इसका चेहरा जला देगे ताकि पता न चल पाये कि किसकी लाश है और जब यह पता नही चलेगा लाश किसकी है तो यह भी पता नही चलेगा कि इसको किसने मारा इसलिए हम लोगो ने कार मे ही संजय यादव उर्फ तेगा को मारते पीटते हुए उसका कपड़ा उतरवा दिये और उसके कपड़ो को टन्ना मन्ना के पास नहर में फेक दिये ताकि कपड़ा बहकर दूर कही चला जाये क्योकि नहर मे पानी का बहाव तेज था । इसके बाद संजय यादव उर्फ तेगा को अंश यादव के घर के कुछ दूरी पर स्थित बाऊण्ड्री वाल मे ले जाकर गाड़ी से उतार कर हम सभी लोगो ने ब्रेजा व सेन्ट्रो कार मे पहले से रखे लोहे के पाइपो को निकाल कर संजय यादव उर्फ तेगा यादव को मारे पीटे और जब वह बेहोश हो गया और हम लोगो को लगा कि यह मर गया है तो अपने गांव मे दहशत फैलाने की नीयत से संजय यादव को सेन्ट्रो कार मे लाद कर भोजपुर मे हीरालाल यादव के घर के सामने रोड के पूरब तरफ किनारे फेंककर उसका फोन वही पर रखकर हम लोगो ने सोचा कि संजय यादव का फोन और चेहरा दोनो जला देते है तब तक हम

लोगो ने देखा कि बरियावन की तरफ से रोशनी आ रही थी औऱ लगा कि  गाड़ी आ रही है तब हम लोगो ने सोचा कि हम लोग पहचान मे आ  जायेगे इसलिए हम लोग गाड़ी मे बैठकर वहां से  भाग गये। हम लोगो को यह नही पता था कि संजय यादव अभी जिन्दा है अगर हम लोग अपनी योजना मे पूर्ण रूप  से कामयाब हो गये होते और संजय यादव और उसके फोन को जला दिये होते तो शायद पता नही चल पाता कि लाश  संजय यादव की  है । औऱ हम लोग पकड़े भी नही जाते।

**विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगण --**

01. अनुराग यादव उर्फ राज यादव पुत्र राम सजीवन यादव नि0 पकड़ी भोजपुर थाना को0 टाण्डा अम्बेडकरनगर उम्र करीब 22 वर्ष

02. अंश यादव  उर्फ  डब्बू यादव पुत्र दयाराम नि0 खानपुर शाहपुर सुलेमपुर खपुरा थाना को0 अकबरपुर अम्बेडकरनगर उम्र करीब 23 वर्ष

03. आनन्द यादव उर्फ बड़काऊ उर्फ नन्दन पुत्र अरुण कुमार नि0 कांदीपुर (तुलसीपुर) थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 24 वर्ष

04. अभिषेक यादव पुत्र ओमप्रकाश नि0 मखदूम सराय थाना अलीगंज जनपद अ0नगर उम्र करीब 26 वर्ष

05. शाबान पुत्र मो0 मुस्तकीम नि0 भटौली थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 25 वर्ष

06. रामसजीवन पुत्र नन्हे यादव नि0ग्राम पकड़ीभोजपुर थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अ0नगर उम्र करीब 47 वर्ष

**बरामदगी –**

01-चार अदद लोहे का पाईप आलाकत्ल,

02-घटना मे प्रयुक्त एक अदद ब्रेजा कार नम्बर-UP32 MZ4066

**आपराधिक इतिहास - अनुराग यादव उर्फ राज यादव पुत्र रामसजीवन यादव निवासी ग्राम पकड़ी भोजपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 19 वर्ष –**

1. मु0अ0सं0-192/24 धारा-115(2)/127(2)/324(4)/351(3)/ 352 बीएनएस थाना सम्मनपुर   जनपद अम्बेडकरनगर
2. मु0अ0सं0-285/22 धारा-323, 504, 506 भादवि व 3(1)(घ)/3(1)(द) SC/ST Act थाना टाण्डा जनपद अ0नगर
3. मु0अ0सं0-200/23 धारा-          120-B, 147, 323, 504, 506 भादवि थाना सम्मनपुर जनपद अ0नगर
4. मु0अ0सं0-35/2024 धारा-323, 506 भादवि थाना सम्मनपुर जनपद अ0नगर
5. मु0अ0सं0-221/2023 धारा-308, 323, 504, 506 भादवि थाना को0 टाण्डा अ0नगर
6. मु0अ0सं0-559/22 धारा-60 आबकारी अधि0 थाना को0 अकबरपुर अ0नगर
7. मु0अ0सं0-180/24 धारा- 147, 323, 504, 506 भादवि थाना को0 टाण्डा अ0नगर
8. मु0अ0सं0-139/**25 धारा-3(5)/103(1)/61(2)a/140(1)/238** बीएनएस थाना को0 टाण्डा अ0नगर
9. मु0अ0सं0-348/24 धारा- 118(2), 3(5), 351(3), 352 बीएनएस थाना को0 टाण्डा अ0नगर
10. मु0अ0सं0-244/24 धारा-115(2), 351(3), 352 थाना सम्मनपुर जनपद अ0नगर

**2.आपराधिक इतिहास-- अंश यादव  उर्फ  डब्बू यादव पुत्र दयाराम नि0 खानपुर शाहपुर सुलेमपुर खपुरा थाना को0 अकबरपुर अम्बेडकरनगर उम्र करीब 23 वर्ष**

**1.**मु0अ0सं0-29/2023 धारा- 323, 504, 506 भादवि थाना को0 अकबरपुर जनपद अ0नगर

**2.**मु0अ0सं0- 241/2025 धारा- 110, 115(2), 351(3), 352 थाना को0 अकबरपुर अ0नगर

3.मु0अ0सं0-381/24 धारा- 308, 323, 504, 506 भादवि  थाना को0 अकबरपुर अ0नगर

4.मु0अ0सं0-435/24 धारा- 324(4), 324(5), 351(2), 351(3), 352 बीएनएस  थाना को0 अकबरपुर अ0नगर

5.मु0अ0सं0-613/24 धारा- 131, 351(3), 352 बीएनएस थाना को0 अकबरपुर अ0नगर

6.मु0असं0-150/25 धारा- 109, 110, 115(2), 191(2), 191(3), 351(2), 352 बीएनएस थाना को0 जलालपुर अ0नगर

7.मु0अ0सं0-139/25 **धारा-3(5)/103(1)/61(2)a/140(1)/238** बीएनएस थाना को0 टाण्डा अ0नगर

8.मु0अ0सं0-180/24 धारा- 147, 323, 504, 506 बीएनएस थाना को0 टाण्डा अ0नगर

9. मु0असं0-219/24 धारा- 115(2), 191(2), 351(3), 352 बीएनएस व 3(1)(घ), 3(1)(द), 3(2)(va) एससी /एसटी एक्ट थाना को0 टाण्डा अ0नगर

10. मु0अ0सं0-152/24 धारा- 115(2), 351(3), 352 बीएनएस थाना सम्मनपुर अ0नगर

11. मु0अ0सं0-178/23 धारा- 279, 337, 338, 427 भादवि थाना सम्मनपुर अ0नगर

12.मु0अ0सं0-192/24 धारा- 115(2), 127(2), 324(4), 351(3), 352 बीएनएस थाना सम्मनपुर अ0नगर

**<u>3.आपराधिक इतिहास-</u>आनन्द यादव उर्फ बड़काऊ उर्फ नन्दन पुत्र अरुण कुमार नि0 कांदीपुर (तुलसीपुर) थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 24 वर्ष**

1. मु0अ0सं0-139/25 **धारा-3(5)/103(1)/61(2)a/140(1)/238** बीएनएस थाना को0 टाण्डा अ0नगर
2. मु0अ0सं0-150/25 धारा- 109, 110, 115(2), 191(2), 191(3), 351(2), 352 बीएनएस थाना जलालपुर अ0नगर
3. मु0अ0सं0-96/21 धारा- 323, 504, 506 भादवि थाना मालीपुर अ0नगर

**<u>4.आपराधिक इतिहास-</u> अभिषेक यादव पुत्र ओमप्रकाश नि0 मखदूम सराय थाना अलीगंज जनपद अ0नगर उम्र करीब 26 वर्ष**

**1**.मु0अ0सं0-139/25 धारा-3(5)/103(1)/61(2)a/140(1)/238 बीएनएस थाना को0 टाण्डा अ0नगर

**2.**मु0अ0सं0-180/24 धारा- 110, 115(2), 118(1), 351(3), 352 बीएनएस थाना अलीगंज अ0नगर

3. मु0अ0सं0-221/23 धारा- 308, 323, 504, 506 भादवि थाना को0 टाण्डा अ0नगर

**<u>5.आपराधिक इतिहास-</u> शाबान पुत्र मो0 मुस्तकीम नि0 भटौली थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 25 वर्ष**

1.मु0अ0सं0-139/25 धारा-3(5)/103(1)/61(2)a/140(1)/238 बीएनएस थाना को0 टाण्डा अ0नगर

**<u>6.आपराधिक इतिहास -</u> रामसजीवन पुत्र नन्हे यादव नि0ग्राम पकड़ीभोजपुर थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अ0नगर उम्र करीब 47 वर्ष**

1.मु0अ0सं0-139/25 धारा-3(5)/103(1)/61(2)a/140(1)/238 बीएनएस थाना को0 टाण्डा अ0नगर

2. मु0अ0सं0-12/2013 धारा- 147, 323, 352, 379, 504, 506 भादवि थाना को0 टाण्डा अ0नगर

**<u>विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-</u>**

1. प्र0नि0 दीपक सिंह रघुवंशी थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
2. उ0नि0 अरविन्द वर्मा थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
3. उ0नि0 राम प्रकाश सिंह थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
4. उ0नि0 दिनेश चन्द्र मौर्य थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
5. हे0का0 फूलचन्द थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
6. हे0का0 कुलदीप सिंह थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
7. का0 हरसोविन्द थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
8. का0 राहुल यादव थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
9. का0 अनुराग थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
10. का0 राजू यादव थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर
11. का0 आशीष शुक्ला थाना को0 टाण्डा जनपद-अम्बेडकरनगर